# उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड

**होमियोपैथी भवन**

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ

दूरभाष : 0522–2618850
फैक्स : 0522–2616638


पत्रांक 4701 / एच0एम0बी0 / 372/2014/TC    दिनांक 03-12-18

## –:आदेश:–

समस्त प्रबंधक/प्राचार्य होमियोपैथिक फार्मेसी कालेज, उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ द्वारा आयुष ग्राम में गाँववासियों के लिए उस गांव आयुष जीवन शैली के तरीकों व अभ्यास का अपनाने तथा स्वास्थ्य परिचर्चा और उपचार के लिए चयनित किया जाना है। जिसमें होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति में वार्णित औषधियों का उपयोग करते हुए वहां के निवासियों मे आहार, स्वाभाव तथा जीवन शैली के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाना तथा संक्रामक रोगों से रोकथाम करने हेतु संलग्न प्रपत्र के अनुसार पूरे वर्ष भर अपने होमियोपैथिक फार्मेसी कालेज के शिक्षक तथा छात्रो के सहयोग से आप द्वारा चयनित गाँव में उपक्रम चलाना है। समय–समय पर उसको समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते रहें, ऐसे विशेष अवसरों पर मा0 जनप्रतिनिधियों को भी ऐसे विशेष अवसरों पर निमंत्रित कर सकते है, और सम्पन्न कार्यक्रम का विडियों व फोटो रजिस्ट्रार, होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ के वाट्सप नं0 **9453732331** तथा बोर्ड की मेल आई0डी0 registrar@hmbup.in पर प्रेषित करें।

<u>संलग्नक:</u> यथोपरि।

(अनिल कुमार मिश्र),
रजिस्ट्रार।

# चयनित आयुष ग्राम में होमियोपैथिक फार्मेसी कालेज द्वारा करणीय कार्य

## बिन्दु संख्या–1

**वार्षिक आयुष मेला**

इस आयुष ग्राम के अंतर्गत वार्षिक आयुष मेला, यूनानी दिवस (11 फरवरी), आयुर्वेद दिवस (धनतेरस), होम्योपैथी दिवस (10 अप्रैल), योग दिवस (21 जून) तथा प्राकृतिक चिकित्सा दिवस (18 नवम्बर) मे से किसी एक तिथि को वर्ष में एक बार आयोजित किया जाएगा इसमें आयुष विधा के स्टाल, हेल्थी बेबी शो, सास–बहू सम्मेलन, योग चैम्पियन, दीर्घायुजीवी नागरिक का अभिनंदन आदि का आयोजन किया जाएगा।

## बिन्दु संख्या–2

**योग पखवाड़ा**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21जून) को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक आयुष ग्राम में तथा इस की 05 कि0मी0 की परिधि में आने वाले अन्य संकुल ग्रामों में, 15 जून से लेकर 30 जून तक, योग पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिस में योग शिविर लगा कर, जनता को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून को समस्त भारत वर्ष के साथ–साथ आयुष ग्रामों में भी मनाया जाएगा।

## बिन्दु संख्या–3

**किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल**

आयुष ग्राम से संबंधित चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी, नर्स फार्मासिस्ट तथ अन्य स्टाफ के माध्यम से आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं अथवा ग्राम के ऐसे कार्यकर्ता जो स्वेच्छा से कार्य करना चाहें, उनके सहयोग से ऐसी किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए, उनकी समस्याओं जैसे–खून की कमी, कैल्शियम की कमी तथा अन्य स्त्री समस्याओं के निवारण हेतु प्रभावी कार्य किया जाएगा।

## बिन्दु संख्या–4

**संक्रामक रोगो से बचाव**

संक्रामक रोगों, जैसे–डेंगू, स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया तथा अन्य संक्रामक रोगो के बचाव हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा अथवा यूनानी जोशादा, होम्योपैथी औषधि का प्रभावी ढ़ग से वितरण समीप के आयुष चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से किया जाएगा।

## बिन्दु संख्या–5

**होमियोपैथिक फार्मेसी कालेज के छात्रों द्वारा स्वास्थ्य सर्वे कैम्प**

आयुष ग्राम के निकट स्थित होमियोपैथिक फार्मेसी कालेज स्वास्थ्य सर्वे कैम्प लगाकर सर्वे करेंगे, सर्वे रिपोर्ट में प्राप्त स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्याओं की रिपोर्ट अपने जिले के जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी और होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करें।